नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 99/2021
Dt- 07-03-2021

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः– **नगर पंचायत झंझारपुर वार्ड सं0–01 स्थित कन्हैया लाल मध्य विद्यालय कन्हौली का भवन भूकम्प से क्षतिग्रस्त होने के उपरांत आवंटन उपलब्ध रहने के बावजूद भवन निर्माण कार्य लंबित रहने के संबंध में।**

महाशय,

नगर पंचायत झंझारपुर वार्ड सं0–01 स्थित कन्हैया लाल विद्यालय कन्हौली का भवन भूकम्प से क्षतिग्रस्त होने के उपरांत नये भवन के लिए 30 लाख रूपया आवंटित है। आवंटित राशि का प्रथम किशत विगत 5 महीने पूर्व ही आ गया है, लेकिन निर्माण कार्य अभी तक लंबित है।

भवन निर्माण नहीं होने से बच्चों के पठन–पाठन में परेशानी हो रही है। विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या अधिक है एवं वर्गकक्ष की कमी पहले से विद्यमान है। राशि आवंटन होने के बाद भी भवन निर्माण नहीं किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि कन्हैया लाल मध्य विद्यालय कन्हौली (झंझारपुर) के नये भवन निर्माण कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 7·3·21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in